इलिनॉय रोज़गार सुरक्षा विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी)

अतिरिक्त दावों के लिए पथ-प्रदर्शक

एक अतिरिक्त दावा क्या है?

- एक अतिरिक्त दावे का उपयोग बेरोज़गारी बीमा (यूआई) के लिए दोबारा आवेदन करने और एक चालू साल के दौरान योग्यता को पुनर्स्थापित करने के लिए किया जाता है।
- अतिरिक्त दावे उन दावेदारों के लिए महत्त्वपूर्ण हैं जो लाभ के एक ही साल के दौरान रोज़गार में एक दूसरे या उत्तरगामी अंतराल का अनुभव करते हैं।
- एक अतिरिक्त दावा दाखिल करते समय, आपके लिए अपने काम के आखिरी दिन और अपने आखिरी नियोक्ता की जानकारी को अपडेट करना आवश्यक है।

मुझे एक अतिरिक्त दावा कब दाखिल करना चाहिए?

- आपको एक अतिरिक्त दावा दाखिल करना चाहिए, यदि, आरंभ में लाभों के लिए दावा करने के बाद, आप:
  - प्रमाणित करते हैं कि आपने अपनी साप्ताहिक लाभ की राशि से अधिक एक सप्ताह की मज़दूरी अर्जित की है और/या;
  - काम पर वापिस चले गए और लाभ प्राप्त करना बंद कर दिया, दोबारा बेरोज़गार हो गए और अब आपके लिए लाभ के चालू साल के दौरान लाभों के लिए दोबारा आवेदन करना आवश्यक है।

एक अतिरिक्त दावा प्रमाणन से कैसे भिन्न है?

- प्रमाणन एक दावेदार की निरंतर योग्यता का संचार करने के लिए सप्ताह में दो बार होने वाली मूल प्रश्नों का उत्तर देने की प्रक्रिया है। प्रमाणन के लिएयहाँअधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।
- एक अतिरिक्त दावा केवल उस समय आवश्यक है यदि आपको लाभों के लिए दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता है -- क्योंकि, या तो आप काम पर वापिस लौट गए थे या आपने अपनी साप्ताहिक लाभ राशि से अधिक कमाई की थी।

मैं एक अतिरिक्त दावा कैसे दाखिल करूँ?

- अपने आईडीईएस (IDES) अकाउंट में लॉग इन कीजिए “व्यक्तिगत होम” (Individual Home) मैनियु के नीचे “मेरे बेरोज़गारी के दावे को दाखिल करें” (File My Unemployment Claim) को चुनें, और एक अतिरिक्त दावा दाखिल करने के लिए आगे बढ़ें।
- आपने प्रमाणन के उत्तरों के आधार पर, आपको ज़रुरत पड़ने पर प्रमाणन प्रक्रिया के बिलकुल अंत पर एक अतिरिक्त दावा दाखिल करने के लिए अनुबोधित किया जा सकता है।

अकाउंट में लॉग इन कीजिए

IDES
ILLINOIS DEPARTMENT OF EMPLOYMENT SECURITY

ग्राहक सेवा
(CUSTOMER SERVICE)
800-244-5631